# BIHAR SPONGE IRON LIMITED.

REGISTERED OFFICE & PLANT : UMESH NAGAR, CHANDIL-832401, DISTT. SARAIKELA - KHARSAWAN, JHARKHAND
PHONE (EPABX) : 06591-232410, 232417, Fax : 06591-232412
E-mail : bsilchandil@gmail.com / Web : bsil.org.in, CIN : L27106JH1982PLC001633

**BSIL/CS/SE/2019** **Dated: 5th November, 2019**

To,
The Manager
**BSE Limited**
25th Floor, P.J.Towers,
Dalal Street Mumbai-40000 1

**Scrip Code: 50058**

**Sub: Newspaper clippings of Publication of Notice of Board Meeting**

**Dear Sir/Mam,**

Pursuant to the Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation 2015, Kindly find enclosed herewith the Newspaper Clippings of publication of Notice of Board Meeting published in Financial Express (English) and Naya India (Hindi) on 05.11.2019.

This is for your information and record.

**Thanking you,**

For **BIHAR SPONGE IRON LTD.**

Bihar Sponge Iron Limited Jharkhand

**HIMANI MITTAL**
**(COMPANY SECRETARY & COMPLIANCE OFFICER)**

**Encl: as above**

### पाकिस्तानी दूतावास ने काबुल में वीजा केंद्र बंद किया

**काबुल, एएफपी।** काबुल में पाकिस्तान दूतावास ने कहा कि वह अफगानिस्तान की राजधानी में अपने वाणिज्यिक कार्यालय को सुरक्षा कारणों से अनिश्चितकाल के लिये बंद कर रहा है। पाकिस्तान ने यह कदम ऐसे वक्त उठाया है जब हाल के दिनों में दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव बढ़ा है। वीजा प्रभाग का बंद होना कई अफगानिस्तानियों के लिये बड़ा झटका है क्योंकि रोजाना सैकड़ों लोग इलाज, सामान लाने-ले जाने और विश्वविद्यालयों में शिक्षा के उद्देश्य से वीजा के लिये आवेदन करते हैं। दूतावास के प्रवक्ता द्वारा रविवार को व्हॉट्सऐप पर साझा किये गए एक संदेश के मुताबिक वाणिज्यिक अनुभाग सोमवार से "अगली सूचना तक" बंद रहेगा।

## सार समाचार

### फ्रांसीसी राष्ट्रपति चीन की यात्रा पर शंघाई पहुंचे

**बीजिंग, एपी।** फ्रांस के राष्ट्रपति एमानुएल मैक्रों चीन की यात्रा पर सोमवार को शांघाई पहुंचे। उनकी यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जबकि फ्रांस और उसके यूरोपीय भागीदार देश चीन से मांग कर रहे हैं कि वह कृषि और विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादों का आयात बढ़ाए तथा वित्तीय एंव अन्य सेवाओं के अपने बाजार को खुला बनाए।

फ्रांसीसी राष्ट्रपति शंघाई में एक विशाल व्यापार प्रदर्शनी में हिस्सा लेंगे। वह वहां से बुधवार को राजकीय यात्रा पर बीजिंग आएंगे। चीन के खिलाफ अमेरिका के बाद अब फ्रांस तथा यूरोपीय संघ भी शिकायत कर रहा है कि वह व्यापार में ऐसी गतिविधियां कर रहा है जो अनुचित कही जा सकती हैं। चीन के माल की मांग कमजोर हो गयी है। इसके साथ ही उसकी आर्थिक वृद्धि दर भी की पिछली तिमाही में गिरकर केवल 6 प्रतिशत पर आ गयी है। यह 30 साल का न्यूनतम स्तर है।

### एशिया के साथ अमेरिका का संवाद भरपूर रहा: रॉस

**बैंकाक, एएफपी।** अमेरिकी वाणिज्य मंत्री विल्बर रॉस ने सोमवार को कहा कि आसियान शिखर सम्मेलन में नहीं जाने के बावजूद एशिया के साथ अमेरिका का संवाद भरपूर रहा।

रॉस और अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट ओ ब्राएन दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के संगठन (आसियान) की बैठक के लिए बैंकाक जाने वाले अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल में सबसे वरिष्ठ सदस्य हैं। इस बैठक में भारत, दक्षिण कोरिया और जापान के नेताओं ने भी भाग लिया। उन्होंने आसियान बैठक के इतर सोमवार को व्यापार मंच की एक बैठक में कहा, ''इस क्षेत्र के साथ ट्रंप प्रशासन का संवाद भरपुर है और इस क्षेत्र के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।''

इससे पहले ट्रंप ने 2017 में फिलीपीन में हुई आसियान की बैठक में भाग लिया था। उपराष्ट्रपति माइक पेंस पिछले वर्ष आसियान की बैठक में शामिल हुए थे।

इस बीच व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बात से इनकार किया कि इस साल अमेरिका ने आसियान बैठक की अनदेखी की है। उन्होंने कहा कि ट्रंप और पेंस अनुपलब्ध हैं क्योंकि वे गवर्नर के चुनाव में ''प्रचार में व्यस्त हैं।''


### अफगानिस्तान में बम विस्फोट में आठ नागरिकों की मौत

**काबुल, एपी।** अफगानिस्तान के उत्तर में स्थित बगलान प्रांत में सोमवार को एक बम विस्फोट में आठ नागरिकों की मौत हो गई। प्रांतीय पुलिस प्रमुख जावेद बशारत ने बताया कि बगलान की राजधानी पुली खुमरी के बाहर डंड शाहबुद्दीन क्षेत्र में हुए इस विस्फोट में छह लोग घायल भी हो गए हैं। बशारत ने बताया कि मरने वालों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। इस हमले की फिलहाल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन जिस क्षेत्र में विस्फोट हुआ है वह तालिबान के कब्जे वाला है। गौरतलब है कि इस प्रांत पर तालिबान का नियंत्रण है और वह पुली खुमरी और इसके आस-पास के क्षेत्र में अफगान सुरक्षा बलों को निशाना बनाता रहता है।

# भारत उग्रवादी समूहों के खिलाफ म्यामां के सहयोग को महत्व देता है

**बैंकॉक ■ भाषा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यामां की नेता आंग सान सू ची से कहा कि भारत-म्यामां सीमा पर उग्रवादी समूहों को पैर जमाने से रोकने के लिए भारत उनके देश के सहयोग को महत्व देता है।



मोदी ने म्यामां की स्टेट काउंसलर सू ची से यह भी कहा कि भारत उनके देश के रखाइन प्रांत में सामाजिक-आर्थिक परियोजनाओं को विस्तार देने के लिए तैयार है। भारत ने कुछ महीने पहले इस अशांत प्रांत में एक आवासीय परियोजना पूरी की है।

मोदी ने रविवार को आसियान शिखर सम्मेलन के इतर सू ची के साथ बैठक के दौरान यह प्रस्ताव दिया। दोनों नेता इस बात पर भी सहमत हुए कि एक स्थायी और शांतिपूर्ण सीमा द्विपक्षीय साझेदारी के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण नींव है और प्रधानमंत्री ने भारत-म्यामां सीमा पर उग्रवादी समूहों को पैर जमाने से रोकने के लिए म्यामां के सहयोग को महत्व दिया।

गौरतलब है कि म्यामां, भारत के सामरिक रूप से महत्वपूर्ण पड़ोसी देशों में से एक है और वह उग्रवाद से पीड़ित नगालैंड तथा मणिपुर समेत कई पूर्वोत्तर राज्यों के साथ 1,640 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है।

सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, म्यामां में पिछले साल तक पूर्वोत्तर राज्यों के उग्रवादी समूहों के 50 शिविर थे। भारत और म्यामां की सेनाओं ने मणिपुर, नगालैंड और असम में सक्रिय कई उग्रवादी समूहों को निशाना बनाते हुए अपने-अपने सीमावर्ती इलाकों में 16 मई से तीन सप्ताह का एक समन्वित अभियान चलाया था।

रक्षा सूत्रों के अनुसार, मई में ''ऑपरेशन सनराइज 2'' के दौरान सेनाओं ने एक-दूसरे के समन्वय के साथ कामतपुर लिबरेशन ऑर्गेनाइजेशन (केएलओ), एनएससीएन (खापलंग), यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (आई) और नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड (एनडीएफबी) समेत कई उग्रवादी समूहों के शिविरों को ध्वस्त किया था।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि बातचीत में मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि रखाइन प्रांत में विस्थापित लोगों की बांग्लादेश से शीघ्र, सुरक्षित और स्थायी वापसी क्षेत्र, विस्थापित लोगों और तीन पड़ोसी देशों - भारत, बांग्लादेश तथा म्यामां के हित में है। म्यामां के रखाइन प्रांत में 2017 में व्यापक पैमाने पर सेना की कार्रवाई के बाद अनुमानित तौर पर 7,00,000 रोहिंग्या मुसलमान भाग गए थे। बड़ी संख्या में शरणार्थियों के आने से बांग्लादेश में बड़ा संकट उत्पन्न हो गया।

# इमरान के इस्तीफे की समयसीमा खत्म

**प्रदर्शनकारी नेता ने सर्वदलीय बैठक बुलाई।**

**इस्लामाबाद ■ भाषा**

पाकिस्तान के तेज-तर्रार धर्म गुरु एवं नेता मौलाना फजलुर रहमान ने प्रधानमंत्री इमरान खान के इस्तीफे के लिए अपने द्वारा तय की गई समयसीमा खत्म होने के बाद भविष्य की कार्रवाई पर चर्चा करने के लिए सोमवार को एक सर्वदलीय बैठक आहूत की है।

देश की राजधानी में हजारों समर्थकों की मौजूदगी वाले 'आजादी मार्च' का नेतृत्व कर रहे जमीयत उलेमा ए इस्लाम फ़ज्ल (जेयूआई-एफ) के नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री को अपदस्थ करने का आंदोलन ''आगे बढ़ता रहेगा, इसे वापस नहीं लिया जाएगा।''

रहमान ने कहा कि जब तक खान इस्तीफा नहीं देते, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने खबर दी कि जेयूआई-एफ ने भविष्य की कार्रवाई को लेकर विपक्षी दलों के नेताओं के साथ चर्चा करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

रहमान के इस व्यापक विरोध प्रदर्शन को पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन), पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी), पख्तूनख्वा मिल्ली आवामी पार्टी, कौमी वतन पार्टी, नेशनल पार्टी और आवामी नेशनल पार्टी का समर्थन प्राप्त है।

हालांकि डॉन अखबार ने खबर दी कि पीपीपी प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी और पीएमएल-एन प्रमुख शहबाज शरीफ के सर्वदलीय बैठक में शामिल होने की संभावना नहीं है।

खबर में संबंधित पार्टी नेताओं के हवाले से कहा गया, ''ज्यादा संभावना है कि पार्टियों के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी और शहबाज इतने कम समय के नोटिस पर इस्लामाबाद में बैठक में शामिल न हो पाएं।'' प्रधानमंत्री इमरान खान ने प्रदर्शनकारियों की इस्तीफे की मांग को खारिज कर दिया।

## मून, आबे ने आसियान से इतर 'मित्रवत' वार्ता की

**बैंकाक ■ एएफपी**

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे इन और जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने एक साल से भी अधिक समय के बाद सोमवार को वार्ता की। मून के कार्यालय ने यह जानकारी दी। सियोल और तोक्यो के बीच द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान द्वारा बंधुआ मजदूरों का इस्तेमाल करने को लेकर विवाद है और दोनों देशों के संबंध बेहद तल्ख चल रहे हैं।

दोनों ही देश अमेरिका के सहयोगी हैं और दोनों के सामने परमाणु हथियार सम्पन्न उत्तर कोरिया और 'लगातार उग्र' होते जा रहे चीन का खतरा है।

दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति की प्रवक्ता को मिन जंग ने संवाददाताओं को बताया कि मून और आबे ने बैंकाक में आसियान और तीन क्षेत्रीय देशों के सम्मेलन से इतर 11 मिनट की ''बेहद दोस्ताना और गंभीर'' बातचीत की।

हालांकि उन्होंने किसी ठोस निष्कर्ष के कोई संकेत नहीं दिए।

उन्होंने कहा, ''दोनों नेताओं का यह मानना था कोरिया और जापान के संबंध महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने इस सिद्धांत की पुष्टि की कि द्विपक्षीय मुद्दों का समाधान बातचीत के जरिए निकाला जाना चाहिए।''

दक्षिण कोरिया की अदालतों ने बेहद पुराने मुद्दों से जुड़े मामलों में हाल के कुछ महीनों में जापान की कंपनियों के खिलाफ कई आदेश दिए हैं। जुलाई में, जापान ने दक्षिण कोरियाई कंपनियों द्वारा निर्मित कुछ उत्पादों पर निर्यात नियंत्रण सख्त कर दिए थे। दोनों देशों ने एकदूसरे पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं।

## मरियम नवाज जमानत मंजूर

**लाहौर, वार्ता।** लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) ने सोमवार को पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) की नेता और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज की चौधरी चीनी मिल (सीएसएम) मामले में जमानत मंजूर कर ली।

न्यायमूर्ति अली बकर नजाफी और न्यायमूर्ति सरदार अहमद नईम की खंडपीठ ने मरियम नवाज की जमानत अर्जी मंजूर की। मरियम के वकील और राष्ट्रीय जबावदेही ब्यूरो (नैब) के अधिकारी भी सुनवाई के दौरान अदालत में उपस्थित थे।

खंडपीठ ने इस मामले में 31 अक्टूबर को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## चीन का सरकारी मीडिया हांगकांग पर सख्त रूख अपनाने के पक्ष में

**बीजिंग ■ एएफपी**

चीन के सरकारी मीडिया ने सोमवार को हांगकांग में लोकतंत्र के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे लोगों के खिलाफ 'सख्त रुख' अपनाने की मांग की।

बीजिंग ने इस अर्द्ध स्वायत्त शहर पर और कड़ा नियंत्रण करने की योजना बनाई जिसके बाद सप्ताहांत पर हिंसा की घटनाएं हुई।

प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को आधिकारिक शिन्हुआ समाचार एजेंसी के हांगकांग स्थित क्षेत्रीय ब्यूरो में तोड़फोड़ की। यह सप्ताहांत भी बेहद अशांत रहा और बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां हुई। इस दौरान लोकतंत्र समर्थक एक सांसद पर हमला भी हुआ।

सरकारी समाचार पत्र चाइना डेली ने संपादकीय में लिखा, ''हांगकांग में हिंसा तेज हो गई है। ऐसे में कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए सख्त रुख अपनाने की जरूरत है।''

राष्ट्रवादी टैबलॉइड ग्लोबल टाइम्स ने रविवार को संपादकीय में लिखा, '' उन्हें असफल होना ही है क्योंकि उनकी हिंसा का जवाब कानून पूरी मजबूती के साथ देगा।''

साथ ही इसमें हांगकांग की कानून प्रवर्तन एजेंसियों से शिन्हुआ कार्यालय में तोड़फोड़ करने वाली भीड़ को जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में लाने की मांग की गई।

संपादकीय में चाकू से हमले की घटना का कोई जिक्र नहीं था।

दरअसल हांगकांग में एक हमलावर ने कुछ लोगों पर चाकू से हमला किया और लोकतंत्र समर्थक एक नेता का कान चबा लिया। हमले में पांच लोग घायल हो गए जिनमें से दो की हालत बेहद नाजुक है।

टेलीविजन फुटेज में दिखाया गया कि हमलावर जिला पार्षद एंड्रयू चियू के कान को चबा रहा है। हमलावर लोगों पर हमला करने के बाद भागने की फिराक में था और चियू ने उसे पकड़ने की कोशिश की थी। घटना के बाद लोगों ने उसे पीटा और पुलिस के हवाले कर दिया।

बीजिंग ने कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं से चार दिन की मुलाकात के बाद शुक्रवार को कहा था कि हांगकांग पर अपने अधिकार को चुनौती वह किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगा।

चीन ने यह भी कहा कि वह इस शहर में देशभक्ति की भावना बढ़ाने की योजनाएं लेकर आया है।

# आर्थिकी/कंपनियां

## रिकॉर्ड ऊँचाई पर पहुँचा सेंसेक्स

**मुंबई ■ वार्ता**

अमेरिका और चीन के बीच करीब डेढ़ साल से जारी व्यापार युद्ध समाप्त होने की उम्मीद में घरेलू शेयर बाजार सोमवार को लगातार सातवें दिन तेजी में रहे और बीएसई का सेंसेक्स 136.93 अंक यानी 0.34 प्रतिशत चढ़कर 40,301.96 अंक की रिकॉर्ड ऊँचाई पर बंद हुआ।



सेंसेक्स बीच कारोबार में नया कीर्तिमान बनाता हुआ 40,483.21 अंक तक पहुँचने में भी कामयाब रहा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी बीच कारोबार में 11,989.15 अंक तक चढ़ने के बाद 54.55 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की बढ़त में 04 जुलाई के बाद के उच्चतम स्तर 11,945.15 अंक पर बंद हुआ।

अमेरिका और चीन ने गत शुक्रवार को कहा था कि व्यापार युद्ध को लेकर जारी वार्ता में सकारात्मक प्रगति हुई है। अधिकारियों ने बताया कि एक महीने के भीतर इस संबंध में समझौते की उम्मीद है। इससे विदेशी बाजारों में आज तेजी देखी गयी।

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू बाजारों में शुरू से ही तेजी रही। सेंसेक्स 128.82 अंक चढ़कर 40,293.85 अंक पर खुला और दोपहर से पहले ही 40,483.21 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया। ऑटो सेक्टर पर बने दबाव के कारण दोपहर बाद इसकी तेजी कुछ कम हुई, लेकिन यह पूरे दिन हरे निशान में बना रहा। 40,186.29 अंक के दिवस के निचले स्तर से होता हुआ यह गत दिवस की तुलना में 136.93 अंक ऊपर 40,301.96 अंक पर बंद हुआ जो अब का रिकॉर्ड बंद स्तर है।

इंफोसिस, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक जैसी दिग्गज कंपनियों ने सेंसेक्स की बढ़त में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेंसेक्स में मारुति सुजुकी और हीरो मोटोकॉर्प के शेयर सबसे ज्यादा टूटे। बीएसई की मझौली कंपनियों के सूचकांक मिडकैप में 0.01 प्रतिशत की मामूली तेजी रही और यह 14,892.15 अंक पर बंद हुआ।

## पेट्रोल- डीजल की कीमतों में कमी

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश के चार बड़े महानगरों में तीन दिन बाद सोमवार को पेट्रोल और डीजल के दामों में गिरावट आई है। पेट्रोल आठ से नौ पैसे और डीजल चार से पांच पैसे प्रति लीटर सस्ता हुआ है।

देश की तेल विपणन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी इंडियन ऑयल के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल का दाम घटकर 72.65 रुपये और डीजल का 65.75 रुपये प्रति लीटर हो गया है। वाणिज्यिक नगरी मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः78.33 और 68.96 रुपये प्रति लीटर रहीं। दोनों अन्य महानगरों कोलकाता और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत क्रमशः 75.35 तथा 75.50 रुपये प्रति लीटर रही जबकि डीजल क्रमशः 68.16 और 69.50 रुपये प्रति लीटर गया।

### बिजनेस सुर्खियां

## भारत सरकार को बड़ा विनिवेश कार्यक्रम चलाने की जरूरत : आचार्य

**न्यूयॉर्क, भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व डिप्टी गवर्नर विरल आचार्य का मानना है कि भारत सरकार को बांड बाजार पर अपनी निर्भरता को कम करना चाहिए। आचार्य ने कहा कि भारत सरकार को एक बड़ा विनिवेश कार्यक्रम चलाने के साथ भूमि, श्रम और कृषि क्षेत्रों में तत्काल सुधार करने की जरूरत है।

कोलंबिया विश्वविद्यालय में शुक्रवार को 'भारतीय अर्थव्यवस्थाः अगले पांच वर्ष' विषय पर एक परिचर्चा में आचार्य ने आगे चलकर भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए कुछ संभावित उपायों और सुझावों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''आने वाले वर्षों के लिए मेरा प्रमुख सुझाव यह है कि हमें सावधानी से कुछ कम करने की जरूरत है। मेरा मानना है कि जहां तक सरकार के कार्यक्रमों का सवाल है तो मौजूदा समय में कम करना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अधिक होगा।'' आचार्य ने कहा, ''संभवतः पहले से घोषित कुछ कार्यक्रमों को वापस लेना आसान नहीं होगा।

## इंडिगो के 'सिस्टम' में खराबी से परेशान रहे यात्री

**नई दिल्ली, वार्ता।** बाजार हिस्सेदारी के मामले में देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो के 'सिस्टम' में खराबी के कारण सोमवार को विभिन्न हवाई अड्डों पर यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा तथा कई विमानों के परिचालन में देरी हुई।

इंडिगो के सिस्टम में सुबह से खराबी देखी गयी। कंपनी ने हालांकि एक घंटे के भीतर 'सिस्टम' को दुरुस्त करने का दावा किया लेकिन इसका असर कई घंटे तक देखा गया। कंपनी ने एक बयान में कहा, "सभी हवाई अड्डों पर सिस्टम में खराबी के कारण यात्रियों को हुई परेशानी के लिए हमें खेद है। अब हमारे फ्लाइट तथा चेकइन सिस्टम ठीक काम कर रहे हैं।" इससे पहले एयरलाइन ने सुबह एक बयान में कहा था कि उसके पूरे नेटवर्क में सिस्टम में तकनीकी खामी है जिसके कारण काउंटरों पर लंबी कतारें हो सकती हैं। दोपहर बाद तक इंडिगो की अधिकतर उड़ानें देर से रवाना हुईं तथा यात्रियों को चेकइन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## सोना 115 रुपए मजबूत, चाँदी भी चमकी

**नई दिल्ली, वार्ता।** वैश्विक स्तर पर पीली धातु में रही गिरावट के बीच स्थानीय ग्राहकी आने से दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना सोमवार को 115 रुपये चमककर 40,085 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुँच गया। चाँदी भी 200 रुपये की बढ़त के साथ 48,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। विदेशों में सोने में गिरावट रही। सोना हाजिर 3.30 डॉलर टूटकर 1,510.60 डॉलर प्रति औंस के भाव बिका। बाजार विश्लेषकों ने बताया कि अमेरिका और चीन के बीच पिछले 16 महीने से जारी व्यापार युद्ध के संबंध समझौते की उम्मीद से सुरक्षित निवेश के रूप में सोने का आकर्षण कम हुआ है। दोनों देशों ने शुक्रवार को कहा था कि व्यापार युद्ध को लेकर जारी वार्ता में अच्छी प्रगति हुई है। अधिकारियों ने बताया कि एक महीने के भीतर किसी समझौते पर हस्ताक्षर हो सकता है।

वहीं दिसंबर का अमेरिकी सोना वायदा एक डॉलर चमककर 1,512.40 डॉलर प्रति औंस बोला गया। चाँदी हाजिर 0.04 डॉलर की बढ़त में 18.10 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गयी। स्थानीय बाजार में सोना स्टैंडर्ड 115 रुपये चढ़कर 40,085 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुँच गया। सोना बिटुर भी 95 रुपये की मजबूती के साथ 39,915 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव बिका। आठ ग्राम वाली गिन्नी 30,300 रुपये पर स्थिर रही।

चाँदी हाजिर 200 रुपये चढ़कर 48,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुँच गयी। चाँदी वायदा 246 रुपये की तेजी के साथ 46,638 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी। सिक्का लिवाली और बिकवाली गत दिवस के क्रमशः 920 रुपये और 930 रुपये प्रति सैकड़ा पर स्थिर रहे।

## इंडिगो का सर्वर डाउन, हवाईअड्डों पर लगीं कतारें

**नई दिल्ली, आईएएनएस।** विमानन कंपनी इंडिगो का सोमवार को सर्वर डाउन हो गया, जिसके बाद देशभर में हवाईअड्डों पर उससे यात्रा करने वाले यात्रियों की लंबी कतारें लग गईं। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'हमारा सिस्टम सुबह से डाउन है। जिस कारण सभी एयरपोर्ट्स पर हमारी कंपनी का कामकाज नहीं हो पा रहा है। इसे जल्द से जल्द ठीक करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।' बाजार हिस्सेदारी और फ्लीट साइज में सबसे बड़ी कंपनी इंडिगो ने कहा कि वह इस बारे में यात्रियों को मौजूदा स्थिति की जानकारी दे रही है। विमानन कंपनी की प्रतिदिन लगभग 1,500 उड़ानें हैं, जो 60 घरेलू और 23 अंतर्राष्ट्रीय शहरों को जोड़ती हैं। कंपनी के पास लगभग 245 विमान हैं।

### रपट

## मकानों की तिमाही-बिक्री नौ शहरों में 9.5 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली ■ भाषा**

कमजोर मांग से देश के नौ प्रमुख शहरों में जुलाई - सितंबर तिमाही में मकानों की बिक्री 9.5 प्रतिशत गिरकर 52,855 इकाई रही। रीयल एस्टेट से जुड़े ऑनलाइन मंच प्रॉपइक्विटी ने अपनी रपट में यह बात कही।

आर्थिक नरमी और धन उपलब्धता संकट की वजह से खरीदारों की धारणा प्रभावित हुई।

यह इस तरह की चौथी रपट है , जिसमें 2019 की तीसरी तिमाही में मकान बिक्री में गिरावट दिखाई गई है।

इससे पहले , प्रॉपटाइगर और एनारॉक ने जुलाई - सितंबर तिमाही के दौरान मकानों की बिक्री में क्रमश : 25 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की गिरावट की जानकारी दी थी। वहीं, जेएलएल इंडिया ने एक प्रतिशत गिरावट की बात कही थी।

प्रॉपइक्विटी के मुताबिक, जुलाई - सितंबर 2019 में मकानों की बिक्री 9.5 प्रतिशत गिरकर 52,855 इकाई रही। एक साल पहले की इसी अवधि में 58,461 मकानों की बिक्री हुई थी।

प्रॉपइक्विटी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक समीर जसूजा ने कहा, 'खरीदारों के मकान खरीदने के फैसले को टालने से सितंबर तिमाही में मांग प्रभावित हुई है।'

रपट में कहा, 'आर्थिक नरमी और बाजार में धन उपलब्धता के संकट से बिक्री में गिरावट देखी गई।'

आंकड़ों के मुताबिक, सात शहरों में मकान बिक्री में गिरावट दर्ज की गई है जबकि दो शहरों में बिक्री में तेजी आई है। चेन्नई में जुलाई-सितंबर 2019 के दौरान मकानों की बिक्री सबसे ज्यादा 25 प्रतिशत गिरकर 3,060 इकाई रही। एक साल पहले की इसी अवधि में 4,080 मकान बेचे गए थे। मुंबई में मकान बिक्री 22 प्रतिशत गिरकर 6,491 इकाई से 5,063 इकाई, हैदराबाद में 16 प्रतिशत गिरकर 5,067 इकाई से 4,257 इकाई, कोलकाता में बिक्री 12 प्रतिशत घटकर 3,487 इकाई से 3,069 इकाई जबकि नोएडा में बिक्री 11 प्रतिशत लुढ़क कर 1,112 इकाई से 990 इकाई रह गई।

## एचटी मीडिया को 21 करोड़ रुपए नुकसान

**नई दिल्ली, भाषा।** एचटी मीडिया को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 21.48 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कंपनी का घाटा 44.33 करोड़ रुपये था। शेयर बाजार को दी जानकारी में कंपनी ने बताया कि समीक्षावधि में उसकी कुल आय 580.02 करोड़ रुपये रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 570.97 करोड़ रुपये थी। एचटी मीडिया और हिंदुस्तान मीडिया वेंचर्स की चेयरपर्सन और संपादकीय निदेशक शोभना भरतिया ने कहा कि अर्थव्यवस्था में नरमी के चलते कुछ क्षेत्रों में विज्ञापन का खर्च घटा है। इससे मीडिया उद्योग की आय प्रभावित हुई है। परिणाम स्वरूप पिछले साल की तुलना में इस साल प्रिंट मीडिया और रेडियो मीडिया की आय प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि हालांकि लागत पर कड़े नियंत्रण से कंपनी का परिचालन लाभ बेहतर हुआ है।

## विस्तारा की लंबी दूरी की अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें अगले साल से

**नई दिल्ली, वार्ता।** टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस की संयुक्त उपक्रम वाली विमान सेवा कंपनी विस्तारा ने चालू वित्त वर्ष में अपने बेड़े और नेटवर्क का आकार दोगुना करने की प्रतिबद्धता जताते हुये कहा है कि वह अगले साल से मध्यम और लंबी दूरी की अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू करेगी। विस्तारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लसली थंग ने सोमवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीने में कंपनी ने अपने नेटवर्क और बेड़े में तकरीबन 50 प्रतिशत की वृद्धि की है तथा अगले पाँच महीने में इसमें और 50 प्रतिशत की वृद्धि की उसकी योजना है। नेटवर्क विस्तार जारी रखते हुये अगले साल से वह लंबी और मध्यम दूरी की अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें भी शुरू करेगी। थंग ने कहा "नेटवर्क विस्तार इस समय हमारी शीर्ष प्राथमिकताओं में है। चालू वित्त वर्ष में अक्टूबर तक हम अपने नेटवर्क में 11 नये गंतव्यों को शामिल कर चुके हैं। हम घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क का विस्तार जारी रखेंगे। अगले साल हम मध्यम तथा लंबी दूरी की अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें भी शुरू करेंगे।"

चालू वित्त वर्ष के आरंभ में विस्तारा के पास 22 विमान थे जिनकी संख्या अब बढ़कर 35 पर पहुँच गयी है तथा उसकी योजना मार्च 2020 तक इसे बढ़ाकर 42 करने की है। अभी उसके पास छब्बीस एयरबस ए320 और नौ बोइंग 737-800एनजी विमान हैं। एयरलाइन ने बताया कि उसके बेड़े में दिसंबर 2019 तक एयरबस के छह ए320 निओ विमान तथा जनवरी से मार्च 2020 के बीच एक बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर और एक एयरबस ए321 निओ विमान शामिल हो जायेंगे।

## मैकडोनाल्ड के सीईओ की कंपनी से छुट्टी

**न्यूयॉर्क, आईएएनएस।** अमेरिकी फास्ट-फूड चेन मैक डोनाल्ड ने घोषणा की है कि कंपनी की नीतियों का उल्लंघन करने पर उसने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) स्टीव ईस्टब्रुक को निकाल दिया गया है। कंपनी ने कहा कि सीईओ का कंपनी की एक अज्ञात कर्मी के साथ प्रेम संबंध था। समाचार एजेंसी एफे के अनुसार, कंपनी ने रविवार को कहा कि चूंकि कंपनी ने वरिष्ठ प्रबंधन को अन्य कर्मियों से रिश्ता रखने पर प्रतिबंध लगा रखा है, चाहे वे उनके निर्देशन में काम कर रहे हों या नहीं, तो स्टीव ईस्टब्रुक ने गलत निर्णय लिया।

मार्केटवाच के अनुसार ईस्टरब्रुक ने एक मेमो में अपने रिश्ते की बात स्वीकारते हुए कर्मियों को एक ई-मेल भेजा और कहा कि उनसे गलती हुई।

**बिहार स्पोन्ज आयरन लिमिटेड**
**सीआईएनः L27106JH1982PLC001633**
**पंजी. कार्यालय :** उमेश नगर, चांडिल जिला सरायकेला खरसावां, झारखंड-832401
**ई-मेलः** companysecretary@bsil.org.in
**सूचना**
एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि 'सेबी' (लिस्टिंग दायित्वों और प्रकटीरण की आवश्यकताओं) अधिनियम, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 के अनुसार कम्पनी के निर्देशक मंडल की बैठक बुधवार, 13 नवंबर, 2019 को आयोजित की जाएगी, जिसमें 30 सितंबर, 2019 को समाप्त तिमाही और वार्षिक अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम विचारित एवं अनुमोदित किए जाएंगे।
इस सूचना विज्ञापन में लिखित सूचना कंपनी के वेबसाइट (www.bsil.org.in) और स्टॉक एक्सचेंज के वेबसाइट (www.bseindia.com) पर भी उपलब्ध है।
**बोर्ड के आदेश द्वारा**
**बिहार स्पोंज आयरन लिमिटेड के लिए**
**हस्ता/-**
**स्थान : नई दिल्ली** **हिमानी मित्तल**
**तिथि : 04.11.2019** **कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी**

